# त्योहारों में यातायात व कानून व्यवस्था पर फोकस

- पुलिस कमिश्नर ने दिए सख्त निर्देश, वरिष्ठ अधिकारी भी रहेंगे फील्ड में,
- व्यापारियों और नागरिकों के साथ मिलकर बनेगा बेहतर यातायात सिस्टम

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था और पुलिसिंग को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने नगर क्षेत्र के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक ली. पुलिस मुख्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में एडीसीपी कानून-व्यवस्था अमित सिंह, एडीसीपी अपराध/मुख्यालय आरके सिंह सहित सभी डीसीपी और एसीपी मौजूद रहे.

बैठक में पुलिस कमिश्नर ने साफ कहा कि आमजन की सुविधा हमारी प्राथमिकता है इसलिए यातायात और कानून व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात के पीक अवर्स में वरिष्ठ अधिकारी भी फील्ड पर रहें और भीड़भाड़ वाले इलाकों में स्वयं निरीक्षण कर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करें. उन्होंने कहा कि बाजारों और प्रमुख सड़कों पर पार्किंग प्रबंधन के लिए व्यापारियों से समन्वय बनाकर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए. अस्थायी दुकानों से ट्रैफिक बाधित न हो, इसके लिए नगर निगम और अन्य विभागों से चर्चा कर उचित समाधान किया जाए. प्रमुख चौराहों पर जहाँ लेफ्ट टर्न बाधित हैं, उन्हें व्यवस्थित करने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने को भी कहा. कमिश्नर ने नो एंट्री जोन में भारी वाहनों की सख्त निगरानी के निर्देश दिए और कहा कि नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई में कोई ढिलाई न बरती जाए. उन्होंने यह भी कहा कि प्रमुख बाजारों के व्यापारी संगठनों और नागरिकों से चर्चा कर साझा ट्रैफिक मैनेजमेंट की योजना तैयार की जाए.



### रात्रिकालीन गश्त को प्रभावशाली बनाएं

बैठक के दौरान उन्होंने एसीपी कोर्ट की कार्यप्रणाली की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को न्यायालयीन कार्यवाही के लिए निश्चित समय पर सुविधा मिल सके. साथ ही रात्रिकालीन गश्त को और प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी स्वयं बल के साथ क्षेत्र में मौजूद रहें, और वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर उसकी मॉनिटरिंग करें.

### पारदर्शिता और संवाद को प्राथमिकता दें

कमिश्नर ने सामुदायिक पुलिसिंग की अवधारणा को और मजबूत करने की बात भी कही. उन्होंने मोहल्ला समितियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित कर आमजन की समस्याओं और सुझावों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए. कमिश्नर सिंह ने कहा कि शहर की पुलिसिंग तभी प्रभावी होगी, जब जनता उसमें सक्रिय भागीदारी निभाए इसलिए हर स्तर पर पारदर्शिता और संवाद को प्राथमिकता दी जाए.

# पार्टी से लौटते युवक की चाकू मारकर हत्या

- चार हमलावरों में एक गिरफ्तार, तीन फरार
- विजयनगर क्षेत्र में देर रात वारदात
- पुराने विवाद में दिया हमले को अंजाम







नव भारत न्यूज

इंदौर. विजयनगर थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 54 में बुधवार देर रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. वारदात उस समय हुई जब युवक अपने दोस्तों के साथ अवैध शराब अहाते में जन्मदिन पार्टी मनाकर लौट रहा था. रास्ते में उसके ही परिचित चार युवकों ने घेरकर हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है जबकि तीन की तलाश जारी है.

विजयनगर थाना प्रभारी चंद्रभालसिंह ने बताया कि 20 वर्षीय मृतक पार्थ दीवान निवासी सुंदर नगर अपने दोस्त चिराग के जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने स्कीम नंबर 54 स्थित शराब दुकान के पास बने एक अवैध अहाते पर गया था. देर रात करीब 11 बजे पार्टी समाप्त होने पर जैसे ही वह बाहर निकला, चार युवकों ने उस पर हमला बोल दिया. मारपीट के दौरान एक युवक ने चाकू से उसके सीने पर वार किया और सभी आरोपी वहां से फरार हो गए. घायल पार्थ काफी देर तक मौके पर खून से लथपथ पड़ा रहा. बाद में जब उसके साथी वहां पहुंचे तो वे उसे बाइक से अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

**दो दिन पहले हुआ था विवाद-** प्राथमिक जांच में सामने आया कि पार्थ का हमलावरों से दो दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. पुलिस को घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज मिले हैं, जिनमें आरोपियों की पहचान हो गई है. पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और तीन अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही हैं.

# अपहरण के तीन माह बाद चढ़ा पुलिस के हत्थे

- आरोपी अभिषेक वर्मा पलासिया पुलिस की गिरफ्त में
- दोस्त को जबरन कार में बैठाकर किया था अपहरण
- महू तक ले जाकर मांगे थे डेढ़ लाख रुपए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. अपहरण और फिरौती के सनसनीखेज मामले में तीन माह से फरार चल रहा आरोपी अभिषेक वर्मा आखिरकार पलासिया पुलिस के हत्थे चढ़ गया. आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस को प्लान 'ए' और 'बी' दोनों पर एक साथ काम करना पड़ा. आखिरकार पुलिस ने अभिषेक को मोती तबेला क्षेत्र से दबोच लिया. आरोपी के खिलाफ करीब साढ़े तीन माह पहले युवक को अगवा कर रकम वसूली की कोशिश करने का मामला दर्ज हुआ था.**



फरियादी रितिक विश्वकर्मा निवासी कृष्णबाग कॉलोनी, खजराना ने 30 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह गीता भवन क्षेत्र में आइसक्रीम फैक्ट्री नाम से रेस्त्रां संचालित करता है. रितिक ने बताया कि उसका दोस्त अक्ष्मित शुक्ला, अभिषेक वर्मा, सौरभ, आयुष मंडल और सूरज सोलंकी से मिला था. इन लोगों ने आपसी लेन-देन के विवाद में अक्ष्मित और उसके दोस्त कृष को जबरदस्ती अपनी कार में बैठा लिया और रुपए लौटाने का दबाव बनाया. फरियादी के अनुसार अभिषेक और उसके साथियों ने पहले उन्हें फायर ब्रिगेड स्टेशन के पास एक फ्लैट में ले जाकर राघव नामक युवक को बंधक बनाया और मारपीट की. इसके बाद आरोपियों ने ऑनलाइन 28 हजार रुपए मंगवाए. रकम पहुंचने के बाद भी आरोपी नहीं माने और फरियादी रितिक व उसके साथी उज्ज्वल को कार में बैठाकर महू की ओर भाग गए. रास्ते में उन्होंने दोनों से 1.20 लाख रुपए और मंगाने की धमकी दी. रितिक ने मौके का फायदा उठाकर अपने भाई को लोकेशन भेज दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची. पुलिस को देखकर आरोपी कार से फरार हो गए, जबकि रितिक किसी तरह भाग निकला.

इस पूरे घटनाक्रम के बाद पुलिस ने अभिषेक वर्मा सहित अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी. घटना के बाद से आरोपी अभिषेक फरार चल रहा था.

### फरार आरोपी की तलाश कर रही पुलिस

उसकी तलाश में डीसीपी राजेश व्यास और एडीसीपी रामस्नेही मिश्रा के निर्देश पर एसीपी सयोगितागंज तुषार सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह रधुवंशी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. टीम ने तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र की मदद से 32 वर्षीय अभिषेक वर्मा निवासी मोती तबेला को गिरफ्तार कर लिया. टीम अब अन्य फरार आरोपी आयुष मंडल की तलाश में जुटी है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही शेष आरोपियों को भी हिरासत में लिया जाएगा.

# नाबालिग से दो साल तक शोषण का आरोपी धराया

- महाराष्ट्र में कई गंभीर अपराधों में फरार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ऐसे युवक को हिरासत में लिया है जो नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर महाराष्ट्र से इंदौर ले आया था और यहां पिछले कई महीनों से रह रहा था. आरोपी पर महाराष्ट्र में हत्या, लूट और चोरी सहित करीब दस आपराधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस के अनुसार आरोपी कुछ समय पहले चोरी के एक मामले में भी फरार हुआ था और इंदौर में फर्जी नाम से किराए के मकान में रह रहा था.**



सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया. जांच में सामने आया कि उसने नाबालिग लड़की को अपने जाल में फंसाकर दो साल तक उसका शारीरिक शोषण किया. आरोपी नशे का आदी है और नाबालिग को भी नशे की लत लगाई. पुलिस को आरोपी के मोबाइल से कई आपत्तिजनक फोटो और चैटिंग मिली हैं, जिन्हें जांच के लिए जब्त किया है. लड़की को सुरक्षित पुलिस संरक्षण में लेकर काउंसलिंग कराई जा रही है. परिजनों को सूचना दे दी गई है और वे इंदौर पहुंच रहे हैं. थाना हीरानगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. महाराष्ट्र पुलिस से भी आरोपी के पुराने मामलों की जानकारी मांगी गई है.

# छज्जा तोड़ते मजदूर की गिरने से मौत

**इंदौर.** एरोड्रम इलाके में पुराने मकान के नवीनीकरण के दौरान हुए एक हादसे में मजदूर की मौत हो गई. विजयश्री कालोनी स्थित मकान की छत पर छज्जा तोड़ते समय 30 वर्षीय



ओंकार नीचे गिर गए और गंभीर चोटें लग गईं. ओंकार, गोवर्धन पैलेस के निवासी थे. छत पर छज्जा तोड़ते समय वह संतुलन खो बैठे और नीचे गिर गए. सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी है.




| MODEL | 125 NEON | 125 CF | NS 125 | N160 |
|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹7 161/-* | ₹8 034/-* | ₹9 274/-* | ₹11 640/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 600/-* | ₹2 900/-* | ₹3 300/-* | ₹4 200/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹9 761/-* | ₹10 934/-* | ₹12 574/-* | ₹15 840/-* |

10 YEAR WARRANTY
BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE
72198 21111
HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Annapurna Road,** MANGALAM BAJAJ 7611115001• **Airport Road** MANGALAM BAJAJ 7611113222, • **Bengali Square** MANGALAM BAJAJ 9752522777, • **Sapna Sangeeta Road** SOJATIA BAJAJ 9827808050, **Vijay Nagar** SOJATIA BAJAJ 8357064113 • **LIG Sqaure Bhagirath Bajaj 8878860666 Manglaya Bhagirath Bajaj 8871263631, Geeta Bhavan** BHAGIRATH BAJAJ **8878860777 Dewas** MAINASHREE BAJAJ 9752542422 • **Dhar** RAJPUROHIT BAJAJ 7415286916 • **Kukshi Rajpurohit Bajaj 8085549916 • Dhamnod Rajpurohit bajaj 9981133916 • Jhabua** CHHAJED BAJAJ 9098930166 • **Mhow** BIYANI BAJAJ 07440444425, **Rau** BIYANI BAJAJ 8602344425, **Pithampur Biyani Bajaj 7566777725, Ratlam – Central BAJAJ –** 07412-356838 , 9039001891 • **Shujalpur –** Nema BAJAJ **9009151539,7049733995**, 07360-242292 • **Ujjain: Dewas Road –** Mainashree Bajaj 9893625022.